**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.09.2026/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे**

## रोहित ठाकुर

राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से कैन उर्वरक उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य और रसायन व उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को इस संबंध में एक पत्र लिखा गया है जिसमें सेब उत्पादकों को राहत प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। रोहित ठाकुर ने बताया कि कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट यानि कैन उर्वरक उपलब्ध न होने से सेब उत्पादकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सेब उद्योग से हर वर्ष करीब 6 हजार करोड़ रूपए का योगदान होता है और सेब बागीचों के लिए कैन उर्वरक एक भरोसेमंद व किफायती स्रोत है। रोहित ठाकुर ने केन्द्रीय मंत्री से उर्वरक निर्माताओं को कैन के उत्पादन और इसकी उपलब्धता जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया है।

## जन्माष्टमी

भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में स्थित भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और भजन–कीर्तनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शिमला के गंज बाजार में स्थित ऐतिहासिक श्री राधा–कृष्ण मंदिर में बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर शीश नवाया। इस दौरान लोग कान्हा के भजनों पर झूम उठे और भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य किया।

उधर सोलन में भी कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर आज सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। सोलन के राधा–कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन कार्यक्रमों में भाग लिया। आज रात 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूम–धाम से मनाया जाएगा।

## विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश विधानसभा द्वारा पारित हिमाचल प्रदेश सड़क अवसंरचना संरक्षण संशोधन विधेयक 2026 सड़क सुरक्षा व रख–रखाव की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने आज शिमला में कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य आम जनता और विभागीय अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि

क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों, जलनिकासी संरचनाओं और अन्य सड़क अवसंरचना की तत्काल बहाली का प्रावधान इस विधेयक में किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति से मुरम्मत का खर्च और जुर्माने की राशि भी वसूल की जाएगी। लोकनिर्माण मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से सड़क किनारे निर्माण व अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए अनुमति या अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी हो सकेगी।

**भुभूजोत**

केन्द्र सरकार ने सामरिक व पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण घटासनी–शिल्हबद्धानी–भुभूजोत–कुल्लू मार्ग को राष्ट्रीय उच्च मार्ग के रूप में विकसित करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि भुभूजोत सुरंग और इस मार्ग के निर्माण से जोगिन्द्रनगर से कुल्लू के बीच की दूरी 50 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसके अलावा ये सड़क लेह–लद्दाख सीमा की ओर जाने वाली सेना के लिए भी सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग बनेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इसके लिए डीपीआर का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। इस सड़क की कुल लम्बाई लगभग 68 किलोमीटर होगी और इसमें चार बड़े पुल व चार सुरंगें बनाई जाएंगी। इसके निर्माण को लेकर लगभग एक सौ 63 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

———————————————————————————